हादसा | बड़वारा में मौत का तांडव

# डंपर-कार की भीषण भिड़ंत में 4 की दर्दनाक मौत




**नवभारत,कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बसाडी के पास गुरुवार सुबह करीब 5 बजे हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार और लापरवाही की भेंट चढ़े एक ही परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

### आमने-सामने की टक्कर उड़ गए कार के परखच्चे

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक अनियंत्रित हाईवा डंपर ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई और उसमें सवार लोग बुरी तरह फंस गए। मौके पर ही तीन लोगों ने दम तोड़ दिया।

### अस्पताल पहुंचते ही टूट गई एक और सांस

घटना के बाद घायलों को तत्काल जिला अस्पताल कटनी पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान एक और युवक की मौत हो गई। अब मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है, जबकि एक की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

### शादी की खुशियां मातम में बदलीं

जानकारी के मुताबिक, नरसिंहपुर जिले के सगोरिया गांव का रघुवंशी परिवार बरही क्षेत्र के पिपरिया कला खिरहनी में एक विवाह समारोह में शामिल होकर लौट रहा था। रात करीब 2 बजे निकले इस सफर ने सुबह होते-होते चार जिंदगियां निगल लीं। परिजनों ने आरोप लगाया है कि डंपर चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। हादसे के बाद वह मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

### मौके पर पहुंची पुलिस, रेस्क्यू में लगी रही घंटों

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे शवों और घायलों को बाहर निकाला। मृतकों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

### एक ही परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

इस हादसे में अनिल, राकेश, अरुण और अभिषेक रघुवंशी की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है—जहां शादी की खुशियां थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। सड़क सुरक्षा पर फिर उठे सवाल यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और भारी वाहनों की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# गर्ग चौराहे पर युवक पर रॉड से तालिबानी हमला

▸ कटनी में बेखौफ बदमाश वीडियो वायरल



**नवभारत, कटनी।** शहर के हृदय स्थल कोतवाली थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। गर्ग चौराहा से हीरागंज मार्ग ओवरब्रिज के पास हुई इस वारदात ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवालिया निशान लगा दिए हैं।

### बीच सड़क पर खूनी खेल

जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 11 बजे जब सड़क पर आम लोगों की भारी आवाजाही थी, तभी कुछ हमलावरों ने एक युवक को घेर लिया। हमलावर अपने साथ लोहे की रॉड लेकर आए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आरोपियों ने युवक को जमीन पर पटक दिया और उस पर रॉड से ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए।

### मूकदर्शक बनी रही भीड़

हैरानी की बात यह रही कि यह खूनी खेल सरेआम चलता रहा, लेकिन मौके पर मौजूद दर्जनों लोग खौफ के कारण मूकदर्शक बने रहे। किसी ने भी पीड़ित को बचाने की हिम्मत नहीं दिखाई। हमले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें हमलावरों की बर्बरता साफ देखी जा सकती है।

### पुलिस की गश्त पर सवाल

सूत्रों के अनुसार, घायल युवक हीरागंज का निवासी है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हालांकि, हमले का कारण अभी तक अज्ञात है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने पुलिस की कार्यप्रणाली और गश्त व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि व्यस्त इलाके में ऐसी घटना होना यह दर्शाता है कि अपराधियों के मन में अब पुलिस का कोई डर नहीं रह गया है।

### आक्रोशित नागरिकों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

घटना के बाद से स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों ने मांग की है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। नागरिकों का कहना है कि अगर भीड़भाड़ वाले इलाकों में लोग सुरक्षित नहीं हैं, तो शहर में कानून का राज कैसे माना जाएगा?

# नगर निगम कर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आज

**नवभारत,कटनी।** नगर निगम प्रशासन एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कटनी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर शुक्रवार 1 मई को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक के सी एस स्कूल परिसर में नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों एवं अन्य कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शिविर के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु उपायुक्त प्रियंका झारिया के निर्देशन में निगम के अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे जाकर समस्त व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### हाईटेक जांच के साथ दिया जाएगा परामर्श

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि शिविर में कर्मचारियों की टीबी, हेपेटाइटिस, एचआईवी, एचबीसी, ब्लड शुगर एवं बीपी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की जाएंगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन हेतु स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो शिविर में स्क्रीनिंग, सैंपल कलेक्शन, एक्स - रे जांच, परामर्श, डेटा एंट्री एवं अन्य व्यवस्थाओं का दायित्व संभालेंगे।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री पं सत्येन्द्र पाठक के पुण्य स्मरण दिवस पर भंडारा आयोजित

▸ गरीब -पीड़ित -शोषित समाज के उद्धार ,असंख्य कन्याओं के विवाह करने के लिए सहयोग जीवन पर्यंत याद किए जायेंगे पं सत्येन्द्र पाठक




**नवभारत,कटनी ।** गरीब पीड़ित शोषित समाज के उद्धार के लिए कार्य करने वाले जरूरत मंदो के मसीहा, असंख्य कन्याओं के विवाह करने के लिए सहयोग करने के लिए याद किए जाने वाले मप्र शासन के पूर्व मंत्री कर्मयोगी पं.सत्येन्द्र पाठक जी के पुण्य स्मरण दिवस पर आज 28 अप्रैल कटाए घाट मोड़ स्थित सायना किड्स, आर के मोटर्स, आर के लॉजिस्टिक परिसर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने भोजन प्रसाद प्राप्त किया । पिछले 10 सालों से लगातार आयोजित होने वाले भंडारे में सभी को आदर सत्कार के साथ भोजन कराया जाता है । पूर्व मंत्री विजयराघवगढ विधायक संजय पाठक के पिताश्री पं.सत्येन्द्र पाठक जी ने मानव सेवा, छात्र प्रतिभाओ को निखारने के साथ प्रकृति के प्रति भी अटूट संबंध बनाये।

कर्मयोगी पं सत्येन्द्र पाठक जितने गरीबों के सहयोगी थे उतने ही प्रकृति के प्रति प्यार करने वाले इंसान भी थे उन्होंने अपने जीवन में लाखों पेड़ों को लगवाया , जिसकी झलक विजयराघवगढ़ विधानसभा के बिरुहली, मंचमचा साथ साथ बड़वारा विधानसभा के शाहडार में देखा जा सकता है भंडारे के दौरान नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने बताया कि पूज्य बाबू जी का पुण्य स्मरण दिवस पर सभी ने उनको श्रद्धांजलि देते हुए याद किया एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। युवा समाज सेवी यश पाठक ने अपने दादाजी पं.सत्येन्द्र पाठक को याद करते हुए कहा कि उन्होंने गरीब जरूरतमंद की सेवा गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग की परंपरा दी है जिसे हम आगे ले जा रहे है आगे भी हम सभी उनके दिखाए मार्ग कर चलने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर आशीष पाठक, यश पाठक, मनीष पाठक, राकेश गौतम, दीपक जैन, गुड्डा जैन, अनुज तिवारी, निक्कू सलूजा, राजेन्द्र दुबे(पप्पू पुलिस), रामजी पांडे, वरुण गौतम, अमन पाठक, रिजुल भसीन, सृजन सलूजा, सचिन तिवारी, सुमित अजमानी, नीरज नगरिया, राजू शर्मा, ध्रुव महेश्वरी, ऋषि अरोड़ा, अर्जुन तिवारी, प्रियंक अग्रवाल, लालू जैन, राजा सलूजा, मनीष लालवानी, आनंद त्रिपाठी,रवि मिश्रा,अंकित अग्निहोत्री, कपिल भाटिया, राजू तनवानी सहित मित्र मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में जलसंकट : प्यास बुझाने बस्ती पहुंचा बारहसिंघा सूखे कुएं में गिरा

▸ तत्परता से चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन



**नवभारत,कटनी।** गर्मी का पारा चढ़ते ही जंगलों में पानी की किल्लत शुरू हो गई है, जिसका सीधा असर अब वन्यजीवों पर दिखने लगा है। कटनी जिले के ढीमरखेड़ा क्षेत्र में पानी की तलाश में भटकता हुआ एक बारहसिंघा रिहायशी इलाके में पहुँच गया और हादसे का शिकार हो गया।

### घटना का विवरण

आज सुबह ढीमरखेड़ा के अतरसूंमा गाँव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने गाँव के एक पुराने और सूखे कुएं के भीतर हलचल महसूस की। पास जाकर देखने पर पता चला कि एक विशालकाय बारहसिंघा कुएं की गहराई में फंसा हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि वह प्यास से व्याकुल होकर पानी की तलाश में जंगल से भटककर बस्ती की ओर आया था और अनियंत्रित होकर कुएं में गिर गया।

### सुरक्षित जंगल में वापसी

राहत की बात यह रही कि इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद बारहसिंघा को कोई गंभीर चोट नहीं आई। वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर ही जानवर का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया। पूरी तरह स्वस्थ पाए जाने पर उसे वापस उसके प्राकृतिक आवास (जंगल) में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

### आक्रोशित नागरिकों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों की सूचना पर वन विकास निगम कुंडम परियोजना की टीम तुरंत हरकत में आई। रेंजर मनीष रोर के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने मौके पर पहुँचकर राहत कार्य शुरू किया। रेस्क्यू टीम के सदस्य निशांत चौहान, आलोक लोधी, बलराम टिकरिया और सुखदेव कुमार। टीम ने कुएं में जाल डालकर बारहसिंघा को सुरक्षित तरीके से फंसाया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से उसे ऊपर खींचा गया।




# कांग्रेस की अहम बैठक, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

**नवभारत, कटनी।** जिला कांग्रेस कार्यालय आस्था प्लाजा में आज जिला प्रभारी मनु मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठकों का आयोजन किया गया। बैठक में जिला समन्वय समिति, पार्षद दल, जिला शहर कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक अध्यक्षों एवं मंडलम अध्यक्षों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए मनु मिश्रा ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। साथ ही आगामी राजनीतिक रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ बनाने के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नए गठन, मंडलम कमेटियों के सशक्तिकरण तथा क्रू-2 की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही वरिष्ठ नेताओं को विभिन्न क्षेत्रों की जिम्मेदारियां सौंपते हुए जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक के उपरांत जिला प्रभारी ने पत्रकारों से सौजन्य भेंट कर संगठन की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर आम जनता की समस्याओं को उठाएं और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करती रही है और आगे भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ जनता के बीच खड़ी रहेगी। कार्यक्रम में जिला प्रभारी मनु मिश्रा, शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला, ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह, विधानसभा प्रभारी श्री राजेश चौबे, प्रियदर्शन गौर, विजय पटेल, राकेश जैन 'कक्का', बी.एम. तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा, मुकेश परोहा, मंगल सिंह, रामनरेश त्रिपाठी, हरिशंकर शुक्ल, पंकज गौतम, गोल्डन पांडे, अजय कोल, जालेम यादव, प्रशांत जायसवाल, ओमकार सिंह, सुधीर जैन, राजेश जाटव, अजय जैसवानी, जितेंद्र गुप्ता, दिग्विजय सिंह, संजय गुप्ता, अहमद कुरैशी, सुशील जायसवाल, सौम्या राधेलिया, मीनाक्षी वाल्वी, माया चौधरी, हाजी गुलाम जाफर, रमेश मिश्रा, अजय वर्मा, राजेंद्र सोनी, रमेश अहिरवार, विनोद अहिरवार, राहुल पटेरिया, राहुल होतवानी, श्याम पाहुजा, श्याम यादव, शशि शेखर, इस्तियाक अहमद एवं इकलाक अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# पुलिस से सेवा-निवृत्त अधिकारियों को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई

▸ अति.पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी हेड क्वार्टर रत्नेश मिश्रा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया सम्मान



**नवभारत, कटनी।** पुलिस विभाग में दीर्घकालीन सेवाएं प्रदान करने वाले कटनी पुलिस के 04 अधिकारी निम्न हैं । उप पुलिस अधीक्षक मोहिनी परस्ते थाना प्रभारी अजाक, कार्यवाहक उप निरीक्षक धनंजय पांडे थाना बहोरीबंद, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक रमेश शरण मिश्रा थाना कोतवाली कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक मनसुख लाल थाना कुठला, के सेवा-निवृत्ति अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस विभाग कटनी के सभी अधिकारियों द्वारा अपने सेवाकाल के दौरान विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं प्रदान की गईं।

उपरोक्त सभी अधिकारियों ने अपने सेवा कल के दौरान विभिन्न दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया एवं आज 30 अप्रैल 2026 को अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर चारों अधिकारी सेवा-निवृत्त हुए। सेवा-निवृत्ति के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी संतोष डेहरिया द्वारा शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तथा उनके उज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की एवं उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण चर्चा की।

सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में डीएसपी हेडक्वार्टर रत्नेश मिश्रा द्वारा आगामी जीवन में स्वस्थ रहने, स्वयं को रुचि पूर्ण कार्यों में व्यस्त रखने एवं अपनी जमा पूंजी को किसी भी लालच में पड़कर साइबर अपराधों से बचने की समझाइस दी। इस अवसर पर थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा, थाना प्रभारी माधव नगर संजय दुबे, थाना प्रभारी बहोरीबंद विजय विश्वकर्मा द्वारा सेवानिवृत्ति अधिकारियों सेवा काल के दौरान उत्कृष्ट कार्यो का बखान किया। उद्बोधन में बताया गया कि सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों के पुलिस सेवा में अनुशासन, निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता सर्वोपरि है तथा सेवानिवृत्त अधिकारियों की सेवाएं विभाग के लिए सदैव अनुकरणीय रहेंगी। सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, डीएसपी हेडक्वार्टर रत्नेशमिश्रा, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत, थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा, थाना प्रभारी माधव नगर संजय दुबे, थाना प्रभारी बहोरीबंद विजय विश्वकर्मा, सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समस्त स्टॉफ एवं सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### फर्जी पंजीयन पर शिकंजा श्रम विभाग की सख्ती बढ़ी

**कटनी।** श्रम विभाग ने फर्जी पंजीयन कराने वालों पर सख्ती तेज कर दी है। हाल ही में आवेदनों की जांच के दौरान कई मामलों में गलत जानकारी देकर पंजीयन कराए जाने का खुलासा हुआ है, जिसके बाद विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। विभाग के अनुसार कुछ आवेदक बैंक ऋण और अन्य लाभ पाने के लिए गलत जानकारी का सहारा ले रहे हैं।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मोहम्मद सादिक पिता श्री मोहम्मद रफिक आयु लग. 41 वर्ष, निवासी-128, ईश्वरीपुरी वार्ड, यासीन चौक, मुड़वारा, जिला कटनी मध्यप्रदेश का शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ : यह कि, मैं शपथकर्ता उपरोक्त वर्णित पते का स्थाई निवासी हूँ। यह कि, मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैंने अपना पासपोर्ट क्र. K4899563 रिन्यू कराने हेतू आवेदन किया है। उक्त पासपोर्ट में मेरा नाम मोहम्मद सादिक (MOHAMMED SADDIQUE) और मेरे पिता का नाम मोहम्मद रफिक (MOHAMMED RAFIQUE) दर्ज है। जो त्रुटिपूर्ण है जबकि मेरा सही नाम मोहम्मद सादिक (MOHAMMAD SADIQUE) एवं मेरे पिता का सही नाम मोहम्मद रफिक (MOHAMMAD RAFIQUE) है जो कि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। यह कि, उपरोक्त वर्णित दोनों नाम मोहम्मद सादिक (MOHAMMED SADDIQUE) एवं मोहम्मद सादिक (MOHAMMAD SADIQUE) एक ही व्यक्ति अथार्त मुझ शपथकर्ता के नाम है तथा उपरोक्त वर्णित मोहम्मद रफिक (MOHAMMED RAFIQUE) एवं मोहम्मद रफिक (MOHAMMAD RAFIQUE) एक व्यक्ति अर्थात मेरे पिता के नाम हैं। यह कि, मेरे पासपोर्ट क्र. K4899563 को रिन्यू करवाकर मैं अपना सही नाम मोहम्मद सादिक (MOHAMMAD SADIQUE) एवं अपने पिता का सही नाम मोहम्मद रफिक (MOHAMMAD RAFIQUE) एवं पता 128, ईश्वरीपुरा वार्ड, यासीन चौक, मुड़वारा, जिला कटनी मागप्रदेश दर्ज करवाना चाहता हूँ। यह कि, उक्त शपथपत्र में वर्णित समस्त कथन मेरे द्वारा लिखाये गये हैं जो कि पूर्णत: सत्य एवं सही है, जिनके असत्य पाये जाने की समस्त जवाबदारी मुझ शपथकर्ता की होगी। अत: उपरोक्त वर्णित तथ्यों के समर्थन में उक्त शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता



**कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी, जिला-कटनी (म.प्र.)**

महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्रमांक 26 मिशन चौक के पास कटनी,(म.प्र.) पिन कोड- 483501

क्रमांक/239/लो.नि.वि./निर्माण/2026 | **निविदा आमंत्रण सूचना** | कटनी, दिनांक 24/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_503496_1 | के.सी.एस. कन्या उ.म.वि. के जर्जर भवन को तोड़कर नवीन भवन निर्माण कार्य। | 12 Month 1,25,62,375/- | 10,000/- 62,811/- | 29/05/2026 |
| 2. | 2026_UAD_503496_2 | बी.डी. अग्रवाल वार्ड में स्थित गणेश चौक पुत्री शाला के पुराने जर्जर भवन को तोड़कर नवीन भवन निर्माण कार्य। | 12 Month 1,37,68,380/- | 10,000/- 68,841/- | 29/05/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम कटनी


बैठक | डीआरयूसीसी सदस्य पवन मित्तल ने के एमजेड स्टेशन पर प्रवेश-निकास व टिकट घर की मांग रखी

# यात्रियों की सुविधाओं पर मंथन, कटनी स्टेशन के विकास को लेकर उठी मजबूत आवाज



**नवभारत, कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के जबलपुर रेल मंडल स्थित डीआरएम कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) की 154वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने की। बैठक में उपस्थित कटनी से सदस्य पवन मित्तल ने केएमजेड स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर यात्रियों के लिए समुचित प्रवेश-निकास द्वार एवं टिकट घर निर्माण की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। उनके इस सुझाव पर डीआरएम द्वारा गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया गया। डीआरएम कमल कुमार तलरेजा ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों और यात्री सुविधाओं की प्रगति की जानकारी दी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मंडल की उपलब्धियों एवं यात्रियों को दी जा रही सुविधाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे, जिनमें ट्रेनों के समय में संशोधन, स्टॉपेज बढ़ाना, कोचों की संख्या में वृद्धि, नई ट्रेनों का संचालन, ट्रेनों के फेरे बढ़ाना, आरओबी/आरयूबी एवं अन्य निर्माण कार्यों में तेजी, स्टेशनों पर साफ-सफाई में सुधार, छोटे स्टेशनों पर भी सुविधाओं का विस्तार जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक में कुल 9 सदस्य शामिल हुए, जिनमें सतना, कटनी, रीवा, दमोह, सागर और मैहर से प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


**धर्मलोक हॉस्पिटल**

A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



**डॉ.राजेश बत्रा**

एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.

जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



**डॉ.हर्षा बत्रा**

एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा

स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।

ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)

Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024